कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 13.08.2024

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में ‘‘विश्व अंगदान दिवस’’ आयोजित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में यूथ रेडक्रॉस द्वारा विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी दी की जागरूकता से ही अंगदान हेतु युवाओं को प्रेरित किया जाता है क्योंकि यह मानवता का श्रेष्ठ उदाहरण है। उन्होनें बताया कि विश्व अंगदान दिवस विश्व स्तर पर मानाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। अंगदान एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें एक व्यक्ति को उसकी सहमति से कानूनी रूप से उसके अंगों को निकालने और किसी अन्य व्यक्ति में प्रत्योरोपित करने की अनुमति दी जाती है, जहाँ दाता जीवित या मृत हो सकता है।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने बताया कि भारत में प्रत्यारोपन की आवश्यकता वाले रोगियों और उपलब्ध अंगों के बीच एक बड़ा अंतर है। जागरूकता से इस अंतर को कम किया जा सकता है।

कु. तबस्सुम के अनुसार अधिकतर जनसंख्या अंगदान की महत्ता और प्रक्रिया से अनभिज्ञ है। कु. मनीषा धृतलहरे ने सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताओं को अंगदान में बड़ी बाधा बताया। कु. महक परवीन ने कई मिथक एवं प्रचलित भ्रांतियों को इसका कारण कहा। कु. युक्ति देशमुख ने कहा कि अंगदान से संबंधित कानून अभी विकासशील अवस्था में है जिसके कारण अंगदान प्रक्रिया कठिन हो जाती है। कु. लुबना आलम ने कहा कि अंगदान को रक्तदान की तरह महादान माना जाता है, परंतु लोग इसे करने से घबराते है क्योंकि वह इससे जान का खतरा मानते है। शेख साहिबा ने बताया कि हृदय, गुर्दे, फेफड़े, यकृत, आँत, हाथ, ऊतक, अस्थि मज्जा और स्टेम सेल, नेत्र दान का किसी को भी नया जीवन दिया जा सकता है।

उक्त कार्यक्रम का संचालन युवरानी एवं आभार प्रदर्शन मानसी प्रसाद ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या छात्रायें उपस्थित थी।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

Govt . Dr. W.W . Patankar Girls' PG College,
Durg (C.G.)
YOUTH RED CROSS
WORKING FOR A HEALTHY WORLD

Govt . Dr. W.W . Patankar Girls' PG College,
Durg (C.G.)
YOUTH RED CROSS
WORKING FOR A HEALTHY WORLD